0328CH14

कहाँ से आया, किसने पकाया 14

वेणु का परिवार	रानी का परिवार
	
	
	



दोनों परिवारों में कौन किस तरह के काम कर रहा है?



❇ क्या तुम्हारा परिवार इन दोनों में से किसी एक परिवार जैसा है? यदि हाँ तो किसके जैसा? तुम्हारा परिवार उस परिवार से कैसे मिलता है?



रूढ़िबद्ध धारणाओं जैसे लड़का-लड़की में भेदभाव (जेंडर विषमता) पर चर्चा संवदेनशीलता से होनी चाहिए ताकि बच्चे उन पर सवाल तो कर सकें और किसी की भावनाओं को ठेस भी न पहुँचे।



- यदि नहीं तो अपने परिवार के बारे में बताओ।
- क्या तुम्हारे घर में सब एक साथ खाना खाते हैं? यदि नहीं तो क्यों?

_____

_____

- सबसे आखिर में खाना कौन खाता है?

_____

- खाना बनाने में कौन मदद नहीं करता और क्यों?

_____

_____

- तुम्हारे घर में और तुम्हारे एक दोस्त के घर में तालिका में दिए गए काम कौन करता है – पता लगाओ और लिखो। कुछ और काम तालिका में जोड़ो।

काम	कौन करता है	
	तुम्हारे घर में	तुम्हारे दोस्त के घर में
1. खाना बनाना		
2. बाज़ार से सामान खरीदना		
3. झाड़ू लगाना		
4. बर्तन साफ़ करना		
5. पानी भरना		
6. _____		
7. _____		
8. _____		

❇ घर में ज़्यादा काम कौन करता है?


तुम्हारे _____
दोस्त के _____



जो खाया कहाँ से आया?

नीचे कुछ खाने-पीने की चीज़ों के नाम लिखे हैं। जो चीज़ें हम पेड़-पौधों से लेते हैं उन पर हरे रंग से ◯ लगाओ। जो चीज़ें हमें जानवरों से मिलती हैं उन पर लाल रंग से ◯ लगाओ। खाली जगह में कुछ नाम तुम भी जोड़ो।

शहद	हल्दी	मछली	_____
मक्का	दूध	नींबू	_____
पालक	आलू	अजवाइन	_____
अंडा	माँस	केला	_____
टमाटर	प्याज	_____	_____




जब तुम बीमार होते हो तो क्या पेड़-पौधों से मिलने वाली चीज़ों को दवाई के रूप में लेते हो? कब कौन-सी चीज़ लेते हो –

- चोट लगने पर _____
- पेट दर्द होने पर _____

बच्चों के परिवेश में दवाई के रूप में प्रयोग किए जाने वाले पेड़-पौधों की पहचान व उनका उपयोग पारंपरिक ज्ञान की परख और समझ का मौका देगा।

- खाँसी के लिए _____
- दाँत दर्द होने पर _____

हर चीज़ के लिए सही टोकरी चुनो। लाइन बनाकर मिलान करो।



इस अभ्यास में कुछ पौधों के ऐसे भाग दिए गए हैं, जो कि हमारे भोजन का हिस्सा हैं। बातचीत के द्वारा इस सूची को बढ़ाया जा सकता है।